# कौन सहायता कर सकता है?

positive partnerships

Working together to support school-aged students on the autism spectrum

## आपकी सहायता कौन और कैसे कर सकता है, यह जानने में सहायता के लिए एक मार्गदर्शिका

यह मार्गदर्शिका विभिन्न सेवा प्रदाताओं और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताती है। यदि आप अपने बच्चे के विकास को लेकर चिंतित हैं तो इन लोगों से बातचीत करने से आपको और आपके बच्चे को सहायता मिल सकती है।

### शिक्षक

शिक्षक बच्चों को पढ़ने और लिखने जैसी कुशलताएँ प्राप्त करने में सहायता देते हैं। इनमें वे बच्चे शामिल हैं जिन्हें अधिक सहायता की आवश्यकता है या जिनका सीखने और व्यवहार करने का तरीका अलग है। बच्चे के शिक्षक से बात करके आप उन्हें आपके बच्चे को सिखाने की योजना बनाने में सहायता दे सकते है।

### बाल-रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन)

बाल-रोग विशेषज्ञ एक ऐसा चिकित्सक है जो शिशुओं, बच्चों और किशोरों की चिकित्सीय देख-भाल करने की विशेषज्ञता रखता है।

### मनोवैज्ञानिक (साइकोलोजिस्ट)

मनोवैज्ञानिकों को कभी-कभी 'साइक्स' भी कहा जाता है। यदि किसी को सोचने, नयी चीज़ें सीखने या व्यवहार संबंधी समस्याएँ हैं तो मनोवैज्ञानिक उनकी सहायता करते हैं। जब किसी को अपनी भावनाओं पर काबू पाने में कठिनाई हो रही हो तो वे सहायता कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक कभी लोगों के साथ समूह में काम करते हैं और कभी किसी व्यक्ति से अकेले ही बातचीत करते हैं। बच्चे को व्यवहार और खेलों के बारे में सिखाने के नए तरीके सीखने में वे अक्सर माता-पिता की सहायता करते हैं।

### स्पीच पैथोलोजिस्ट/थिरेपिस्ट (वाक्-चिकित्सा/वाणी विशेषज्ञ)

स्पीच पैथोलोजिस्ट को लोग कभी-कभी 'स्पीची' भी कहते हैं। वे लोगों को बातचीत करने में सहायता दे सकते हैं। वे यह बता सकते हैं कि कोई बच्चा अन्य बच्चों के मुकाबले बातचीत करना कितना धीरे सीख रहा है। यदि बच्चे को बोलने, उच्चारण करने, या विभिन्न लोगों से किस तरह बात करनी चाहिए, इनसे संबंधित परेशानियाँ हैं तो स्पीच पैथोलोजिस्ट उनकी सहायता कर सकते हैं। कभी-कभी वे पढ़ने में भी सहायता कर सकते हैं।

### ओक्युपेशनल थिरेपिस्ट (व्यवसायिक चिकित्सा विशेषज्ञ)

ओक्युपेशनल थिरेपिस्ट को कभी-कभी ओ टी भी कहा जाता है। ओ टी आपके बच्चे को अपनी परिस्थितियों और वातावरण को समझने या उनका सामना करने में सहायता कर सकता है जैसे यदि वह खाना खाने से बचने के लिए बहाने बनाता है या तेज आवाज़ों से परेशान होता है। वे अन्य चीज़ों जैसे कि शौचालय प्रशिक्षण, सोने, कपड़े पहनने और दूसरों के साथ खेलने जैसे मामलों में भी सहायता कर सकते हैं। ओ टी शरीर के अंगों पर नियंत्रण यानि अधिक या कम गतिविधि करना सिखाने में भी सहायता कर सकते हैं जैसे कि लिखना, कुछ काटना, ऊपर चढ़ना और उछलना-कूदना।

### सोशल वर्कर (समाजसेवक)

सोशल वर्कर लोगों को समस्याओं का सामना करने में सहायता और मुश्किल के समय सांत्वना प्रदान कर सकते हैं। सोशल वर्कर परामर्श और भावात्मक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। वे व्यावहारिक सहायता भी प्रदान कर सकते हैं।

### ऑडियोलोजिस्ट (श्रवणविज्ञानी)

ऑडियोलोजिस्ट सुनने संबंधी समस्याओं में सहायता करते हैं। ये विशेषज्ञ बता सकते हैं कि क्या किसी व्यक्ति को श्रवण संबंधी समस्याएँ हैं। वे लोगों को ठीक से सुन पाने में सहायता कर सकते हैं।

### फ़िज़ियोथिरेपिस्ट (भौतिक चिकित्सक)

फ़िज़ियोथिरेपिस्ट हर आयु के लोगों की गतिविधि और ठीक से काम कर पाने में सहायता करते हैं।

The Positive Partnerships initiative is funded by the Australian Government Department of Education and Training through the Helping Children with Autism Package. The views expressed in this publication do not necessarily represent the views of the Australian Government or the Australian Government Department of Education and Training.

# Who can help?

positive partnerships

Working together to support school-aged students on the autism spectrum

## A guide to help you understand who can help and how

This guide explains who different service providers are and what they do. If you are worried about your child's development, talking to these people may help you and your child.

### Teachers

Teachers help children learn skills like reading and writing, including children that need extra help, or learn and behave differently. Talking to the teacher can help them to plan for your child's learning.

### Paediatrician

A Paediatrician is a medical doctor who specialises in the medical care of infants, children and teenagers.

### Psychologists

Psychologists are sometimes called 'psychs'. Psychologists help people when they have trouble with thinking, learning new skills and behaving. They can help people when their emotions are hard to manage. Sometimes psychologists work with people in groups and sometimes they will talk to people by themselves. They often help parents learn new ways to teach their child about behaving and playing.

### Speech Pathologists / Therapists

Speech Pathologists are sometimes called 'speechies'. They can help people to communicate. They can find out if a child is learning how to talk at the same rate as other children. Speech pathologists can help if there are problems with speech sounds/ words or the way they talk to different people. Sometimes they can help with reading.

### Occupational Therapists

Occupational Therapists are sometimes called OTs. OTs can help your child cope with or understand the environment, i.e. fussy eaters, loud sounds. They can also help with things like toilet training, sleeping, getting dressed and playing with others. OTs can help with teaching big and small movements, such as writing, cutting, climbing and jumping.

### Social Workers

Social Workers can help people to cope with problems and support them in difficult times. Social Workers can provide counselling and provide emotional support. They can help with practical supports too.

### Audiologists

Audiologists help with hearing. They are specialists who can find out if people have hearing problems. They can help people to hear better.

### Physiotherapists

Physiotherapists help people of all ages to move and function better.